भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1287
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष महाविद्यालय

1287. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में आयुष महाविद्यालयों में रिक्त पड़े सभी पदों को भरने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>
आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख) : जन-स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, आयुष कॉलेजों में रिक्त पड़े सभी पदों को भरना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के क्षेत्राधिकार में आता है। रिक्त पदों को भरना एक सतत् प्रक्रिया है और रिक्त पदों को समय-समय पर भरा जा रहा है। तथापि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत उन राज्यों में नए आयुष कॉलेजों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है। तदनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव भेज कर पात्र वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

*****